# डॉ. वाई एस परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन जिला सिरमौर हि. प्र.|

**क्रमांक HFW-N/DYSPGMC/SS/Quotation/Fest (25-26)/2025- 4053** **दिनाँक, नाहन** 18 OCT 2025

DR. Y.S. PARMAR GOVT. MEDICAL COLLEGE NAHAN (SIRMAUR) H.P.-173001

प्रेषित

____________________________

____________________________

____________________________

**विषय: -** **वार्षिक उत्सव हेतु साउंड सिस्टम तथा लाईटिंग व्यवस्था के लिए कोटेशन आमंत्रण पत्र|**

महोदय/ महोदया,

इस चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय आयोजित किये जाने वाले प्रस्तावित वार्षिक उत्सव (2025-26) के अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक व अन्य कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु साउंड सिस्टम, लाईटिंग एवं तकनीकी सहायता प्रदान के लिए अनुभवी एवं सक्षम फर्म/ कंपनी से इस पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रपत्र पर सील बंद लिफ़ाफ़े में कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं| कार्य से सम्बन्धित सभी विवरण, मानक, गुणवत्ता मापदंड और शर्तें निम्नलिखित प्रकार से हैं : -

**कार्य का विवरण: -**

साउंड सिस्टम एवं उपकरण, उच्च गुणवता वाला पी. ए. सिस्टम (Public Address System), स्पीकर, एम्प्लीफायर, मिक्सर, वायर्ड एवं वायरलेस माईक्रोफोन, आवश्यक केवल, स्टैंड, कन्वर्टर्स एवं अन्य सहायक उपकरण ||

**मानक गुणवत्ता मापदंड: -**

- उपकरणों का पूर्व-परिक्षण (Pre-Testing) आवश्यक होगा|
- ध्वनि संतुलन (Sound Balancing ) का ध्यान रखना होगा|
- पूरे कार्यक्रम के दौरान ऑडियो क्वालिटी मोनिटरिंग सुनिश्चित करनी होगी|

**कोटेशन जमा करने व खोलने की प्रक्रिया: -**

- सील्ड कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि **07/11/2025** व समय **03:00 PM** तक होगा|
- सील्ड कोटेशन डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उक्त: तिथि तथा समय तक निम्न पते पर जमा की जा सकती हैं|
  **(संयुक्त निदेशक, कार्यालय डॉ. वाई एस परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन जिला सिरमौर हि. प्र. 173001 |)**
- सील बंद लिफ़ाफ़े के ऊपर स्पष्ट शब्दों में **"Quotation for Anual Fest Sound System"** अंकित किया हुआ होना अति आवश्यक हैं|
- सील्ड कोटेशन क्रय समिति के सदस्यों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनाँक **07/11/2025** को **04:00** PM बजे खोली जायेगी, जो कि आवश्यकता पड़ने या प्रशासनिक कारण से आगे भी बढ़ाई जा सकती हैं|

**दर चयन का आधार: -**

- दरों का चयन गुणवत्ता मानकों की पालना सुनिश्चित करते हुए आवश्यक सामग्री तथा सेवाओं की सबसे कम संयुक्त दरों **(Lowest overall total rates) के आधार पर L-1** विक्रेता/ फर्म का चयन किया जायेगा| आंशिक कोटेशन स्वीकार नहीं किये जायेंगे|
- चयनित दरें आगामी तीन माह की अवधि तक मान्य होंगी, अथवा सेवाएँ संतोषजनक पाए जाने पर आपसी सहमति से अनुबंध को आगे भी बढ़ाया जा सकता है|

**सुरक्षा उपाय एवं तकनीकी सहायता**

- साउंड सिस्टम के संचालन हेतु उपयुक्त संख्या में अनुभवी तकनीकी सहायक तैनात करने होंगे तथा फर्म ध्वनि अभियंता प्रदान करेगा, जिसके पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से अभियांत्रिकी में प्रमाणपत्र हो। **(प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है)|**
- कार्यक्रम स्थल पर तारों एवं उपकरणों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करना होगा ताकि कोई दुर्घटना घटित ना हो|
- अग्निशमन यंत्र (Fire Extinguishers) की व्यवस्था करनी होगी|
- ओवरलोडिंग या अधिक वॉल्यूम से बचने के लिए उपकरणों की क्षमता के अनुसार उनका संचालन करना होगा|

- कार्यक्रम के दौरान सभी उपकरणों की सम्पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी चयनित फर्म/ कंपनी की होगी।
- किसी भी चोरी, क्षति या अन्य हानि की स्थिति में चयनित फर्म/ कंपनी जिम्मेवार होगी और उपयुक्त मुरम्मत या प्रतिस्थापन सुनिश्चित करेगा।
- उपकरणों की उचित हैंडलिंग एवं सेटअप, परिवहन सुनिश्चित करना चयनित फर्म या कंपनी की जिम्मेवारी होगी।

**<u>महत्वपूर्ण नियम एवम् शर्तें: -</u>**

- उद्धृत दरें (Quoted Rates) आगामी तीन माह तक वैध होगी।
- कोटेशन उपरोक्त निर्धारित तिथि तथा समय के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी।
- कोटेशन जमा करने के पश्चात् उसमें किसी भी प्रकार का कोई संशोधन मान्य नहीं होगा।
- उद्धृत सभी दरें समावेशी होनी चाहिए, जिसमें परिवहन, श्रम, सेटअप, निराकरण, सरकार द्वारा निर्धारित करों (SGST/CGST) की लागत शामिल होनी चाहिए, इसके अतिरिक्त कोई शुल्क देय नहीं होगा।
- चयनित फर्म/ कंपनी को सुनिश्चित करना होगा कि सभी उपकरण पूर्णतः कार्यशील एवं उच्च गुणवत्ता के हो।
- किसी भी तकनीकी खराबी या क्षति की स्थिति में चयनित फर्म/ कंपनी तत्काल मुरम्मत या प्रतिस्थापन करेगा।
- **<u>उपकरण कार्यक्रम से कम से कम 4 घंटे पहले स्थापित करने होंगे।</u>**
- कार्यक्रम समाप्त होते ही तत्काल उपकरण हटाने की पूर्ण जिम्मेवारी चयनित फर्म/ कंपनी की होगी।
- यदि कोई उपकरण वांछित मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा एवं सम्बन्धित फर्म/ कंपनी को अपने व्यय पर तत्काल प्रतिस्थापन सुनिश्चित करना होगा।
- वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार मात्रा बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
- भुगतान कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के पश्चात बिल सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त स्वीकृत राशि के अनुरूप ही आगामी कार्य दिवसों में किया जाएगा।
- कार्य करने हेतु भुगतान के रूप में किसी भी प्रकार की अग्रिम राशि नहीं दी जाएगी।
- अधोहस्ताक्षरी को किसी भी कारण से कोटेशन को रद्द करने या किसी भी फर्म/ कंपनी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
- कोटेशन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अधोहस्ताक्षरी अथवा कॉलेज प्रशासन का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा।
- कोटेशन से सम्बन्धित किसी भी विवाद की स्थिति में, विवाद का समाधान कॉलेज प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में होगा।

**संयुक्त निदेशक,**
**डॉ. वाई एस परमार रा. चि. म. नाहन।**

**दिनाँक, नाहन,**

**पृष्ठांकन संख्या यथोपरि**
**प्रतिलिपिः -**

1. सम्बन्धित सहायक, वेबसाइट, डॉ. वाई. एस. परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन जिला सिरमौर को आदेश दिए जाते हैं कि आप व्यापक प्रचार हेतु इस कोटेशन आमन्त्रण पत्र को इस संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करे तथा इसके प्रमाण के स्वरुप में अपलोडेड डॉक्यूमेंट के स्क्रीनशॉट की प्रति कार्यालय रिकॉर्ड के लिए छात्र अनुभाग में उपलब्ध करवाएं।

**संयुक्त निदेशक,**
**डॉ. वाई एस परमार रा. चि. म. नाहन।**

## वार्षिक उत्सव के आयोजन के लिए साउंड सिस्टम , लाईटिंग एवं अन्य आवश्यक सेवाओं हेतु निविदा प्रपत्र |

फर्म/ कंपनी का नाम: ____________________

फर्म/ कंपनी का पता: ____________________

फर्म/ कंपनी का संपर्क न: ____________________

| क्रम संख्या Sr. No. | विवरण | प्रतिदिन प्रति यूनिट दर (रुपयों में ) | अनुमानित आवश्यक मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | Bass JBL VRX | | 8 Nos. |
| 2 | Diesel Generator (Including Diesel) Minimum 45 KVA | | 2 Generators for 3 days |
| 3 | Stage with Carpeting (50X32X6) feet Minimum & Decoration | | 1 No. |
| 4 | Top JBL VRX | | 16 Nos. |
| 5 | Tops | | 6 Nos. |
| 6 | Cordless Mics | | 4 Nos. |
| 7 | Drum Set | | 1 Nos. |
| 8 | Monitors | | 10 Nos. |
| 9 | Console SC48/ Wing 48 | | 1 No. |
| 10 | Avo light Pearl | | 1 No. |
| 11 | LED Wall | | 2 Nos. |
| 12 | Light Truss (Single Side Truss) 40X40 Feet | | 1 No. |
| 13 | Sharpy | | 16 Nos. |
| 14 | LED Parcan | | 24 Nos. |
| 15 | Warm Light Parcan | | 4 Nos. |
| 16 | Follow Spot Light | | 1 No. |
| 17 | Mics SM58 | | 10 Nos. |
| 18 | Mics SM57 | | 10 Nos. |
| 19 | Wireless Microphone | | 04 Nos. |
| 20 | Amplifire | | 10 Nos. |
| 21 | 64 channel Digital Snake | | 01 No. |

दर GST सहित होनी चाहिए |

1. मैं/ हम यह प्रमाणित करते है कि सभी जानकारी सही और सत्य हैं|
2. वार्षिक उत्सव के आयोजन के लिए टेंट, डेकोरेशन, फर्नीचर, मैटिंग, लाईटिंग एवं अन्य आवश्यक सेवाओं का कार्य कॉलेज द्वारा दिए गए गुणवत्ता मानकों और कार्यादेश के अनुसार ही किया जाएगा |
3. निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करने की पूरी जिम्मेवारी मेरी/ हमारी फर्म कंपनी की होगी |
4. कार्य में किसी भी कमी के लिए मैं/ हम उत्तरदायी होंगे |
5. भुगतान केवल कार्य पूर्ण होने के बाद ही स्वीकार्य है |

हस्ताक्षर ____________________

अधिकृत व्यक्तियों/ फर्म/ कंपनी का नाम ______

मोहर ____________________

तिथि ____________

स्थान ____________

सेवा में

संयुक्त निदेशक,
कार्यालय डॉ. वाई. एस. परमार रा. चि. म.
नाहन जिला सिरमौर हि. प्र. |